## Headline

1. **Same Sex Marriage: समलैंगिक जोड़ों की चिंताओं को लेकर कमेटी बनाने को तैयार, सुप्रीम कोर्ट में बोली सरकार**
2. **Wrestler's Protest Live: जंतर-मंतर पहुंचीं आईओए अध्यक्ष पीटी उषा, पहलवानों से धरना खत्म करने की अपील की**
3. **Sharad Pawar: शरद पवार के बाद एनसीपी में इस्तीफों का दौर, जितेंद्र अव्हाण ने राष्ट्रीय सचिव पद छोड़ा**
4. **Go First: एयरलाइन CEO ने संकट के लिए इंजन मुहैया कराने वाली कंपनी पर फोड़ा ठीकरा, कर्मियों को लेकर कही ये बात**
5. **MP: 'कमलनाथ बताएं, बजरंग दल पर बैन से सहमत या नहीं', कर्नाटक में कांग्रेस के घोषणापत्र पर गृह मंत्री नाराज**
6. **Kupwara Encounter: कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, दो दहशतगर्द ढेर**
7. **इंसानों का दिमाग पढ़ेगा AI: रियल टाइम में आपको सोच को लिखेगा, टेक्सास विश्वविद्यालय की टीम ने तैयार किया टूल**


दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट


*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 293 | इंदौर, बुधवार 03 मई, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# 15 मई तक तेज गर्मी-लू नहीं



## एक सप्ताह तक तेज हवाएं, बारिश, ओलावृष्टि जारी रहेगी, तीन सिस्टम एक्टिव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में फिलहाल बारिश, तेज हवाएं और ओलावृष्टि से राहत नहीं मिलने वाली है। अगले सप्ताह तक मौसम ऐसा ही रहेगा। इस कारण तापमान बढऩे के आसार भी नहीं है। ऐसा प्रदेश में एक्टिव तीन सिस्टम की वजह से हो रहा है। मंगलवार को भोपाल, रीवा, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रायसेन समेत कई जिलों में जमकर बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि अभी उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है, जबकि एक ट्रफ लाइन साउथ वेस्ट एमपी से नॉर्थ तमिलनाडु तक गुजर रही है। तीसरे सिस्टम का असर चक्रवात के रूप में देखने को मिल रहा है, जो साउथ छत्तीसगढ़ पर बना है। इस कारण प्रदेश में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। 8 मई तक प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की बारिश जारी रहेगी। बादल भी छाए रहेंगे। वहीं, अगले 2-3 दिन तक कुछ संभाग में तेज बारिश, 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं और ओलावृष्टि का दौर जारी रहेगा।

### ● आज इन जिलों में एक्टिविटी

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को सिस्टम की एक्टिविटी रीवा, जबलपुर, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में रहेगी। यहां कई जगहों पर बारिश हो सकती है। इंदौर, उज्जैन, भोपाल और चंबल में कहीं-कहीं बारिश के आसार हैं। शहडोल-जबलपुर संभाग में ओले गिर सकते हैं, जबकि नर्मदापुरम, बैतूल, रायसेन और खरगोन में भी ओलावृष्टि की संभावना है। प्रदेशभर में तेज हवाओं का दौर भी जारी रहेगा। यहां दोपहर बाद मौसम बदल जाएगा।

### ● अभी टेम्प्रेचर बढऩे के चांस नहीं

मौसम वैज्ञानिक पांडे ने बताया कि आमतौर पर मई के पहले सप्ताह में तापमान एवरेज 41-42 डिग्री के बीच रहता है, जबकि वर्तमान में यह 32-33 डिग्री के बीच है यानी 9 से 10 डिग्री तक टेम्प्रेचर लुढ़क गया है। 8 मई तक प्रदेशभर में मौसम बदला रहेगा। इसके बाद ही तापमान में बढ़ोतरी होगी। इसके चलते 15-20 मई तक तो प्रदेश में हीट वेव यानी गर्म हवाएं और तेज गर्मी पडऩे की संभावना कम ही है।

### ● भोपाल में 6 मई तक बारिश की संभावना

राजधानी में 6 मई तक बारिश होने की संभावना है। 3 मई को कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है, जबकि 4 मई को मौसम साफ रहने का अनुमान है। 5 और 6 मई को तेज बारिश हो सकती है। इससे पहले मंगलवार दोपहर बाद मौसम बदला सा रहा। दिन में हल्के बादल भी छाए रहे।

### ● ओलावृष्टि-बिजली गिरने को लेकर एडवाइजरी

मौसम विभाग ने ओलावृष्टि होने और बिजली गिरने को लेकर एडवाइजरी भी जारी की है। लोगों का सलाह दी गई कि वे बिजली चमकने और ओलावृष्टि होने के दौरान क्या जरूरी एहतियात बरतें।

- घर के अंदर रहे, खिड़कियों और दरवाजे बंद करें। संभव हो तो यात्रा से बचें।
- सुरक्षित आश्रय लें, पेड़ों के नीचे खड़े नहीं हों।
- क्रंकीट के फर्श पर न लेटें और दीवारों का सहारा न लें।
- उन सभी वस्तुओं से दूर रहें, जो बिजली का संचालन करती हो।
- यदि फसल खेत या खलिहान में रखी हो, तो उसे किसान बाहर निकाल लें।

# रोड क्रॉस करने के लिए निगम शहर में 10 स्थानों पर बनाएगां एफओबी

## शहर के व्यस्तम चौराहे लगेंगे ट्रैफिक सिग्नल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में 10 जगहों पर फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) बनाए जाएंगे। इसकी प्लानिंग नगर निगम के यातायात एवं परिवहन विभाग कर रहा है। फुट ओवर ब्रिज बनने से लोगों को अभी होने वाली रोड क्रॉस करने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी।**

यातायात को सुगम करने के लिए निगम शहर में 22 चौराहों के लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण करेगा। इसके साथ ही पैदल चलने वाले लोगों को रोड क्रॉस करते समय होने वाली परेशानी को देखते हुए फुट ओवर ब्रिज बनाएगा। इसकी प्लानिंग निगम के सतायात एवं परिवहन विभाग ने शुरू कर दी और बजट में राशि का प्रावधान भी कर दिया गया है। शहर में 10 जगहों पर यह फुट ओवर ब्रिज बनेंगे।

### इन स्थानों पर बनाए जाएंगे एफओबी

तीन इमली पलाय ओवर के दोनों तरफ औ जीडीसी (मोती बेला), एमवाय हॉस्पिटल के सामने आरएनटी मार्ग विधि के सामने, दाँवर चौराहा से भवरकुआ चौराहा के बीच रणजीत हनुमान मंदिर के पास ग्रेटर कैलाश मार्ग, अन्नपूर्णा मंदिर के पास, रिंग रोड पर बंगाली चौराहा से पीपल्याहाना चौराहा के बीच आइटी पार्क चौराहा से राजीव गांधी चौराहा के पहले फुट ओवर ब्रिज बनाए जाएंगे। इनको लेकर जल्द ही टैंडर जारी होंगे। मालूम हो कि अभी शहर में दो जगह 56 दुकान और कलेक्टोरेट चौराहे पर फुट ओवर ब्रिज बने हुए है।

### रोड क्रॉस करने में मिलेगी मदद

निगम शहर के जिन 10 जगहों पर फुट ओवर ब्रिज बनाने जा रहा है यहां पर अभी लोग जान जोखिम में झलकर रोड क्रॉस करते है पर चढ़कर लोग रोड के इस पार से उस पार जाते हैं। ऐसे में कई बार वाहनों से अलग टकरा जाते हैं। आरएनटी मार्ग पर देवी अहिल्या विआने वालूम हो कि शहर में की पर चढ़कर रोड क्रॉस करने का स्टंट रोज करते हैं इतना ही नहीं एमवाय हॉस्पिटल में इलाज कराने मरिजों से मिलने आने लगने वाली लोगों के भीड़ के रोड क्रॉस करने से पाग है। टॉवर चारचाकेबीच कोचिंग और कॉलेज होने की स्टूडेंट की रेलमपेल रहती है। ऐसी हाल ओल्ड जोडोसी के यहां भी स्थिति ऐसी ही बनती है। इनके सहित अन्य पर फुट ओवर बिनने से पैदल चलने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी और दुर्घटना होने भी बगी । के लिए निगम के बजट में इस बार 104 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। पिछले वर्ष के से यह राशि 4 करोड़ रुपए ज्यादा है।

# स्मार्ट मीटरों ने दिलाई 2.67 लाख बिलों पर 10 करोड़ की पॉवर फैक्टर छूट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बिजली के अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए उपयोगी एवं आर्थिक रूप से भी फायदेमंद साबित हो रहे हैं। अब तक पश्चिम क्षेत्र कंपनी क्षेत्र में स्मार्ट मीटरों ने पॉवर फैक्टर की रीडिंग से दो लाख 67 हजार बिजली बिलों पर छूट दिलाई है। यह छूट करीब दस करोड़ रूपए है।**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि स्मार्ट मीटर एकदम सटीक रीडिंग लेते है। इससे शिकायतों की संख्या में भारी गिरावट आई है। स्मार्ट मीटर पॉवर फैक्टर भी दर्ज करते है, गैर घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं के यहां 0.85 से उपर पॉवर फैक्टर दर्ज होने पर नियामक आयोग के अनुसार एक रूपए यूनिट की छूट प्रदान की जाती है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि अब तक इंदौर शहरी क्षेत्र में स्मार्ट मीटरों ने 2.15 लाख बिलों पर 7.40 करोड़ की छूट दिलाई है। इसी तरह उज्जैन में 6780 बिलों पर 93 लाख की, रतलाम में 6401 बिलों पर 88 लाख की, खरगोन में 5241 बिलों पर 52 लाख की, महू में 3347 बिलों पर 21 लाख, देवास में 1423 बिलों पर अब तक 10 लाख रूपए की पॉवर फैक्टर छूट प्रदान की गई है। श्री तोमर ने बताया कि कंपनी क्षेत्र के सभी 6 शहरों में स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ता पर्याप्त संख्या में गृह ज्योति योजना का भी लाभ ले रहे हैं।

# स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को मिला इलाज

## 200 से अधिक मरीजों को मिला नि:शुल्क इलाज और परामर्श

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंडेक्स समूह द्वारा इंदौर और ग्रामीण क्षेत्रों में अपने नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर जरिए लोगों तक बेहतर इलाज पहुंचाने की पहल की जा रही है। इंडेक्स मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल द्वारा खातेगाँव और बागली क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर में 200 से अधिक मरीजों का इलाज किया गया। कोरोना काल में अपनी सेवाओं के लिए लोकप्रिय रहे टीम ऑक्सीजन के लीडर स्व. लियाकत मंसूरी की याद में शहीद भवन खातेगाँव शिविर आयोजित किया गया। इसमें नेत्र चिकित्सा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन में किया गया। इंडेक्स समूह के चेयरमैन सुरेशसिंह भदौरिया,वाइस चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया,डायरेक्टर आर एस राणावत,एडिशनल डायरेक्टर आर सी यादव, इंडेक्स मेडिकल कॉलेज डीन डॉ.जीएस पटेल, एचआर एडमिन हेड नितिन गोठवाल ,इंडेक्स अस्पताल अधीक्षक लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ.अजय सिंह ठाकुर ने डॉक्टरों की टीम द्वारा सशक्त भारत - स्वस्थ भारत की नीति के तरह शिविर आयोजित करने पर सराहना की। शिविर में इंडेक्स हॉस्पिटल इंदौर से पूजा नरवरिया एवं डॉ मेहुल सिंह ठाकुर व विशेष सहयोगी डॉ माजिद कुरैशी, मार्केटिंग इंचार्ज सचिन सक्सेना,कमल सोलंकी उपस्थित रहे। शिविर में 150 मरीजों की आंखों का परीक्षण किया गया। इसमें 35 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया।

### प्रस्तावित फ्लायओव्हर ब्रिज पर हुई चर्चा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर विकास प्राधिकरण कार्यालय में कलेक्टर इलैया राजा टी द्वारा शहर में प्रस्तावित फ्लाईओवर एवं निमार्णाधीन फ्लाईओवर के संबंध में विभिन्न विभागों के साथ जनप्रतिनिधियों की बैठक की, बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री जयपाल सिंह चावड़ा सांसद श्री शंकर लालवानी महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव विधायक श्री रमेश मेंदोला श्री महेंद्र हार्डिया श्रीमती मालिनी गौड़ श्री आकाश विजयवर्गीय पूर्व विधायक श्री सुदर्शन गुप्ता एवं पूर्व आईडीए अध्यक्ष श्री मधु वर्मा इंदौर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री राकेश गोलू शुक्ला ने भाग लिया। बैठक में एनएचएआई ,इंदौर विकास प्राधिकरण, इंदौर नगर निगम, रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन के वरिष्ठ इंजीनियरों ने अपनी प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए इस अवसर पर निगमायुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आरपी अहिरवार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे!

### सुविधाएं बढ़ाने को लेकर मंत्री सिलावट को दिया ज्ञापन

**इंदौर**। शहर में आपदा प्रबंध की सुविधाओ को बढ़ाने की मांग को लेकर मंत्री तुलसी सिलावट को समाज सेवी अशोक गोयल ने ज्ञापन दिया । गोयल ने बताया कि फायर बिग्रेड के पास आधुनिक उपकरणो की कमी है ,विकट परिस्थिति में शहर को ऊंची इमारतों में आग लगने पर जूझना पडता हैं। शहर को आधुनिक हायड्रोलिक मशीनें उपलब्ध कराई जाये। वाहनों को कमी है साथ ही शहर में चार जगह नये फायर स्टेशन प्रस्तावित थे, परन्तु उसका भी निर्माण नहीं हुआ। इस पर मंत्री सिलावट ने आश्वासन दिया ने ये सुविधाएं शहर को जल्द उपलब्ध कराई जाएगी।

# उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

## मंत्री से लेकर पार्षदों ने लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं का किया सम्मान





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । इंदौर जिले में लाड़ली लक्ष्मी दिवस के अवसर पर आज लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का उमंग और उत्साह के साथ जगह-जगह आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले में सभी 312 ग्राम पंचायतों, 9 नगर परिषदों, 4 जनपद पंचायत मुख्यालयों और जिला मुख्यालय पर वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में जिले की लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं ने उत्साह और उमंग के साथ अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में चयनित लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को सम्मानित भी किया गया। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में नगर परिषद सांवेर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी तरह जिले का मुख्य कार्यक्रम रविंद्र नाट्य गृह में आयोजित किया गया यह कार्यक्रम सांसद शंकर लालवानी, कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी, विधायक आकाश विजयवर्गीय, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, नगर निगम आयुक्त सुश्री हर्षिका सिंह की विशेष उपस्थिति में आयोजित किया गया।

जिले में आयोजित कार्यक्रमों में लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं का पूजन किया गया। साथ ही उन्हें सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रमों में लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं ने उत्साह और उमंग के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी। जिले में इन कार्यक्रमों में भोपाल से प्रसारित मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। सांवेर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी योजना की शुरूआत कर बालिकाओं के जन्म को वरदान बनाया है। समाज में अब बालिकाओं का जन्म होने पर खुशियां मनाई जाती है। समाज में बालिकाओं के प्रति मान-सम्मान की वृद्धि हुयी है।

इसी तरह इंदौर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना देश की आदर्श योजना है। इसका अनुकरण अब दूसरे राज्य भी करने लगे हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना के क्रियान्वयन से बालिकाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति मजबूत बनी है। उनका सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा और उनकी अन्य जरूरतों की पूर्ति के लिए छात्रवृत्ति की व्यवस्था इस योजना में की गयी है। कार्यक्रम में बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और अपने अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. सी.एल. पासी तथा सुश्री संध्या व्यास, कार्यक्रम अधिकारी श्री रामनिवास बुधोलिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### 511 करोड़ से होगा इंदौर की कान्ह और सरस्वती नदी का जीर्णोद्धार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि इंदौर की कान्ह एवं सरस्वती नदी के जीर्णोद्धार के लिये राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन में 511 करोड़ 15 लाख रुपए की स्वीकृति दी गयी है। भारत सरकार द्वारा स्वीकृत राशि से इंदौर में कबीटखेड़ी स्थित पुराने 78 एवं 12 एमएलडी के स्थान पर 120 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, लक्ष्मीबाई प्रतिमा के पास 35 एमएलडी और कनाडिया क्षेत्र में 40 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जायेगा। साथ ही तीन मेन पंपिंग स्टेशन, ट्रीटेड वाटर रियूज नेटवर्क, ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम भी तैयार किया जायेगा। आगामी 15 वर्ष के लिये आपरेशन और मेंटीनेंस की भी व्यवस्था की जायेगी।

# कलेक्टर ने एक पीड़िता को दिलवाई प्लाट की राशि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर** । इंदौर जिले में जन आकांक्षा और सुशासन की अनूठी पहल देखने को मिल रही है। ऐसा ही एक उदारहण हाल ही में देखने को मिला जब वर्षों से परेशान एक पीड़िता की समस्या को कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने तुरंत ही निराकृत किया। पीड़िता महिला को प्लॉट की राशि बाजार मूल्य के मान से दिलवाई। एक पीड़ित महिला बेबी पति दिलीप नैनीवाल विगत दिवस अपनी समस्या लेकर कलेक्टर के समक्ष पहुंची। उसने बताया कि हमने राजेन्द्र सिंह पिता ओंकार सिंह से प्लॉट क्रय किया था। जिस पर किसी और ने कब्जा कर लिया। जिसके लिए वह पिछले दो साल से परेशान हो रही थी। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने इनकी समस्या को गंभीरता से सुनकर तत्काल शिकायत को संज्ञान में लिया और तहसीलदार मल्हारगंज का तुरंत ही समस्या निराकृत करने के निर्देश दिए। उक्त महिला की समस्या को तुरंत निराकृत किया गया और उन्हें प्लॉट के बदले बाजार भाव से 6 लाख रूपए की राशि दिलवाई गयी। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए यह महिला खुशी-खुशी अपने घर की ओर रवाना हुयी।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर अपनी जरूरत बताकर उनसे अलग-अलग



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद

+91-91110 50101

www.detectivegroup.in

## दीपक जोशी का यू टर्न, कहा-संगठन से बात करेंगे

# एक दिन पहले कहा था- 6 को कांग्रेस जॉइन करूंगा, नरोत्तम बोले - हम सब उनके साथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। पूर्व सीएम कैलाश जोशी के बेटे और पूर्व मंत्री दीपक जोशी के कांग्रेस में जाने की अटकलों के बीच उन्हें मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। एक दिन पहले तक कांग्रेस की सदस्यता लेने की बात कह रहे दीपक जोशी ने अब कहा है कि वे 6 मई को संगठन से बात करने के बाद फैसला लेंगे। जोशी के बीजेपी छोड़ने की खबरों पर गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने मंगलवार को कहा, वे समर्पित व्यक्ति हैं। मेरे साथ मंत्रिमंडल में भी रहे हैं, वे योग्य व्यक्ति हैं। हमारे वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं, हम सब उनके साथ हैं। दीपक के कांग्रेस में जाने की खबरों के बाद एमपी की राजनीति में खलबली मच गई। कांग्रेस जहां उत्साहित है तो बीजेपी में टेंशन बढ़ गई है। सोमवार रात जोशी के घर देवास के पूर्व महापौर शरद पाचुनकर सहित उनके समर्थक पहुंचे। साथ ही प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री प्रदीप चौधरी भी उनसे मिलने उनके घर पहुंचे। सूत्रों के अनुसार भाजपा के प्रदेश स्तर के नेता भी जोशी से लगातार संपर्क में हैं। जोशी समर्थकों का कहना है कि जोशी के साथ जिले के हजारों कार्यकर्ता दिलों से जुड़े हैं।

### कैलाश जोशी राजनीति के संत, दीपक उनके पुत्र

गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा- कैलाश जोशी राजनीतिक के संत थे। जिस वट वृक्ष की छाया में नरोत्तम जैसे कई लोग पार्टी से जुड़े और विकसित हुए, दीपक जोशी उनके पुत्र हैं।

### पूर्व मंत्री का मोबाइल फोन बंद-

सूत्र कहते हैं कि कांग्रेस में जाने की खबर के मीडिया में आने के बाद बीजेपी के कई सीनियर नेताओं ने दीपक जोशी को फोन कर मनाया है। बीजेपी नेतृत्व को डर है कि यदि कैलाश जोशी के बेटे बीजेपी छोड़ गए तो आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी को नुकसान उठाना पड़ सकता है। सुबह से ही दीपक जोशी का मोबाइल स्विच ऑफ है।

# युवक को कॉलर पकड़कर थाने ले गई युवती

## पुराने प्रेम-प्रसंग को लेकर बीच बाजार में हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

खरगोन। खरगोन में एक युवती बीच बाजार में युवक की कॉलर पकड़कर उसे थाने ले गई। लड़की के साथ उसके परिजन भी मौजूद रहे। उन्होंने बीच बीच में युवक के साथ मारपीट भी की। सरेराह हुए इस हाई वोल्टेज ड्रामा को देखकर हर कोई हैरान रह गया। कई लोगों ने इसके वीडियो बना लिए, जो अब सामने आ रहे हैं।

लड़की ने युवक पर प्रताड़ित और धमकाने का आरोप लगाया। वहीं युवक ने भी युवती पर बेवजह भरे बाजार में मारपीट करने और अपमानित करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

युवती ने पुलिस को शिकायत में बताया कि बिस्टान रोड पर जब वह पिता के साथ बाइक में पेट्रोल डलवा रही थी, उसी दौरान युवक आया और धमकाने लगा। विवाद बढ़ गया। जिसके बाद युवती, उसे पकड़कर थाने ले गई। थाने में भी हंगामे की स्थिति बन गई। हालांकि पुलिस ने सभी को समझाकर शांत कराया।

### प्रेम-प्रसंग का है मामला

बताया जा रहा है कि वीडियो में दिख रही युवती और युवक बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। युवती ने साल 2021 में युवक के खिलाफ शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया था।

### राजीनामे का दबाव बना रहा युवक

युवती के मुताबिक आरोपी युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। आरोपी कहता रहा कि वह उससे शादी करेगा, लेकिन उसने शादी नहीं की। इसके बाद उसने आरोपी युवक के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया था। युवती का कहना है कि युवक उसे प्रताड़ित कर रहा है और उस पर राजीनामे का दबाव बना रहा है।

### दो पक्षों की शिकायत पर केस दर्ज

खरगोन कोतवाली प्रभारी बीएल मंडलोई ने बताया कि युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, वहीं युवक ने युवती के परिजनों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है।

# ताप्ती नदी में अचानक मछलियों की मौत

## जांच के लिए पहुंची मत्स्य विभाग की टीम, अफसरों ने मौसम में बदलाव को बताया कारण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर**। नेपानगर स्थित ताप्ती नदी में अचानक मछलियों के तड़पकर मरने की घटना सामने आई है। दूसरे दिन यहां मंगलवार सुबह जांच के लिए मत्स्य विभाग की टीम पहुंची। ऐसी आशंका जताई जा रही थी कि केमिकल के पानी में मिलने से मछलियों की मौत हो रही है, लेकिन मत्स्य विभाग के अधिकारी अजय भटनागर ने जांच के बाद कहा कि मौसम में बदलाव, ऑक्सीजन की कमी के कारण लगभग 50 किलो मछलियों की मौत हुई है। वहीं, मत्स्य विभाग ने सप्ताहभर तक मछलियों को नही पकड़ने के निर्देश जारी किए हैं।

### नालों का पानी भी मिलता है ताप्ती नदी में

ताप्ती नदी में कईं जंगह से नदी, नालों का पानी भी मिलता है। यह नदी बुरहानपुर से भी होकर गुजरती है। यहां भी नगर से निकलने वाला गंदा पानी नालों के माध्यम से ही ताप्ती में जाता है। पिछले दिनों नगर निगम ने इसे लेकर प्लान तैयार करने की बात कही थी।

# ढाबा संचालक ने युवक की हत्या की

## पैसों के विवाद में भाई-साथियों के साथ मिलकर ग्राहक को लाठी-डंडों से मारा, चारों आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। उज्जैन में इंगोरिया थाना क्षेत्र में ढाबा संचालक ने ढाबे पर आए ग्राहक की हत्या कर दी। युवक ढाबे पर खाना खाने आया था। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। ढाबा संचालक ने भाई और साथियों के साथ मिलकर युवक पर हमला कर दिया। पुलिस ने चार हमलावरों को गिरफ्तार किया है। इंगोरिया थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि ग्राम पलसोड़ा में रहने वाला भरत बरगुंडा अपने साथी विजयपाल राजपूत निवासी मौलाखेड़ी के साथ टाइगर ढाबे पर खाना खाने गया था। ढाबे पर पैसों को लेकर ढाबा संचालक राकेश सूर्यवंशी से विवाद हो गया। झगड़े के बाद दोनों वहां से निकल गए। वह मकड़ावन फंटे तक आ गए। कुछ देर बार ढाबा संचालक अपने भाई भोला और 2 साथी जितेन्द्र, अरुण के साथ पीछा करते हुए फंटे तक पहुंचे। यहां दोनों पर लाठी-धारदार हथियार से दोनों पर हमला कर दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## ओंकारेश्वर दौरे पर आएंगे सीएम

# शंकराचार्य प्रतिमा और सोलर फ्लोटिंग प्लांट की करेंगे समीक्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 4 मई को दो दिन के लिए ओंकारेश्वर प्रवास पर आ रहे हैं। वे परिवार सहित आएंगे। पर्यटन केंद्र सैलानी में रात्रि विश्राम करेंगे। सीएम चौहान अगले दिन 5 मई को ओंकार पर्वत पर प्रस्तावित आदि गुरु शंकराचार्य जी की प्रतिमा स्थापना और ओंकारेश्वर बांध के बैकवॉटर में स्थापित किए जा रहे सोलर फ्लोटिंग प्लांट की प्रगति की समीक्षा करेंगे। हलांकि सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम में कुछ बदलाव होने की संभावना भी है।**

इधर, सीएम चौहान के प्रस्तावित ओंकारेश्वर दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने सीएम के दो दिन तक पर्यटन केंद्र सैलानी के कॉटेज और एनएचडीसी रेस्ट हाउस सहित कांफ्रेंस हॉल को आरक्षित कराया है। सोमवार को कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने ओंकारेश्वर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौरतलब है उज्जैन में महाकाल लोक के लोकार्पण बाद अब खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में आदि गुरु शंकराचार्य की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यहां 108 फीट की मूर्ति की स्थापना को लेकर काम चल रहा है।

### चुनाव से पहले होगा शंकराचार्य प्रतिमा का अनावरण

ओंकार पर्वत पर लगभग 28 हेक्टेयर जमीन में बन रहे ह्यएकात्मता का वैश्विक केंद्रह्न का लोकार्पण अगस्त या सितंबर तक करने की योजना है। ताकि विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखा जा सके।

# दिल्ली से किडनैप हुए बच्चे गुना में मिले

## आरोपी चॉकलेट का लालच देकर ले जा रहा था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना**। गुना रेलवे स्टेशन पर लावारिस मिले, दो बच्चों के परिजन का पता चल गया है। दोनों बच्चे दिल्ली के सरायं काले खां इलाके से किडनैप किए गए थे। आरोपी उनको बीना से कोटा जाने वाली ट्रेन में बैठाकर चिप्स लेने चला गया। इतने में ट्रेन चल दी। दोनों बच्चे चेकिंग के दौरान गुना रेलवे स्टेशन पर मिले थे। दिल्ली पुलिस और बच्चों के परिजन गुना पहुंच चुके हैं। अब उनकी सुपुर्दगी की कार्रवाई की जाएगी।बता दें, रविवार शाम बीना-कोटा पैसेंजर ट्रेन में यात्रियों को दो बच्चे मिले थे। इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने उनको पहले खाना खिलाया। फिर नाम-पता पूछा। उन्होंने अपने नाम सूरज और राजकुमार बताए। पिता का नाम किशोर मंडल, मां का नाम ललिता देवी और पता दिल्ली का बताया। बच्चे पहली कक्षा में पढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि उनके चाचा उन्हें चॉकलेट खिलाने का कहकर दिल्ली से बीना लाए थे। दोनों बच्चों को जिला अस्पताल के शिशु गृह मां स्वरूपा आश्रम में रखा गया है।

### ● दिल्ली में सीसीटीवी में कैद हुआ आरोपी

बच्चों को आश्रम में रखवाने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। दिल्ली और बीना में सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। साथ ही दोनों जगह की पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई।

# सीएम राईज स्कूल प्राचार्य पर छेड़छाड़ का आरोप

## ● पुलिस ने पॉक्सो एक्ट की धारा में मामला किया दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट**। छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में वारासिवनी पुलिस ने सीएम राईज स्कूल प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार गुफ्ता के खिलाफ छेड़छाड़ सहित जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 में प्राचार्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। 1 मई को छात्रा ने परिजनों के साथ वारासिवनी पुलिस थाना में बताया कि 21 जनवरी को भाई को पुस्तक देने गई थी। इस दौरान प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार गुप्ता ने उसके साथ अश्लील हरकत की और किसी को इस बात की जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। जिसकी जानकारी एसडीएम को छात्र, छात्राओं ने दी थी। पुलिस ने पीड़ित छात्रा की शिकायत पर वारासिवनी सीएम राईज स्कूल प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार गुप्ता के खिलाफ छेड़छाड़ और पाक्सो की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# देह व्यापार से मना किया तो मां-भाइयों ने पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जावरा**। जावरा की एक महिला ने देह व्यापार के दलदल को छोड़कर गृहस्थी बसा ली थी। वो शादी से पहले पैदा हुए तीन बच्चों की परवरिश भी पति के साथ मिलकर कर रही थी। सब कुछ ठीक चल रहा था। फिर कल वो थाने पहुंची और बताया कि मां और भाइयों ने मारपीट की है। वजह है उसका देह व्यापार न करना। पुलिस ने शिकायत पर उसकी मां और तीन भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामला जावरा के समीप ढोढर का है। 30 वर्षीय महिला अंबिकापुरी इंदौर में पति और बच्चों के साथ रहती है। उसका मायका बांछड़ा डेरा ढोढर में है। उसने बताया कि सोमवार को मां ने फोन कर मुझे घर आने को कहा। मैंने मना किया तो बोली- बहुत दिन हो गए तुझे देखा नहीं है। मैं उसी दिन सबसे मिलने के लिए बांछड़ा डेरा ढोढर निकल गई। जब घर पहुंची तो मां और भाइयों ने मुझे एक कमरे में बंद कर दिया। मैंने उनसे विनती की मुझे पति के पास इंदौर जाने दें। मैं चिल्लाकर पूछ रही थी कि तुम लोगों ने मुझे बंद क्यों कर रखा है। उन तीनों ने कहा कि तुझे फिर से हमारे लिए देह व्यापार में जाना होगा। तुझे इसलिए बड़ा नहीं किया था कि तू गृहस्थी बसाए। तू अब हमारे लिए कमाएगी। मैंने मां और भाइयों से कहा कि मैं अपने छोटे से परिवार में खुश हूं। मेरी एक गृहस्थी है, जिसमें मेरा पति व तीन बच्चे हैं। दोबारा किसी भी कीमत पर उस दलदल में नहीं जाऊंगी।

# संपादकीय

## हाशिये पर मकसद

जेलों का मकसद कैदियों को सुधारना होता है, मगर जेल प्रशासन के उदासीन रवैए के चलते यह मकसद कहीं हाशिये पर चला जाता है। फिर कैदियों पर उचित निगरानी न रखी जा पाने की एक वजह यह भी है कि जेलों में क्षमता से बहुत अधिक कैदियों को रखा जाता है। संख्या अधिक होने के चलते विरोधी गुटों के खूंखार अपराधियों को अलग-अलग जेलों के बजाय एक ही जेल में अलग कोठरियों में रखना पड़ता है। पिछले कुछ समय से ऐसा लगता है कि देश की सबसे सुरक्षित और चाकचौबंद मानी जाने वाली तिहाड़ जेल में इस तकाजे को भुला दिया गया है। वरना पिछले उन्नीस दिनों में दो हत्याएं न हो जातीं। पिछले महीने एक खूंखार अपराधी की उसके दुश्मन गिरोह के बदमाशों ने धारदार लोहे से हत्या कर दी। अब टिल्लू ताजपुरिया नाम के बदमाश को उसके दुश्मन गिरोह के बदमाशों ने लोहे की सरिया घोंप कर मार डाला। ये बदमाश एक ही जेल में बंद थे। टिल्लू पर दो साल पहले रोहिणी अदालत में जज के सामने दो अभियुक्तों की हत्या कराने का आरोप था। उस पर करीब चालीस हत्या और दूसरे संगीन अपराधों के मामले दर्ज थे। ऐसे में जेल प्रशासन इस बात से अनजान नहीं माना जा सकता कि उसे टिल्लू पर हमले की आशंका न रही होगी। ऐसा भी नहीं कि उन्हें उसके विरोधी खेमे के बारे में जानकारी नहीं रही होगी। जेलों में कैदियों को उपलब्ध कराए जाने वाले सामान को लेकर खासे कड़े नियम-कायदे हैं। उन्हें ऐसे कपड़े तक उपलब्ध नहीं कराए जाते, जिनका इस्तेमाल वे किसी को मारने में कर सकते हैं। उनसे मिलने जाने वालों की कड़ी जांच की जाती है। बंद कमरों में कांच की खिड़की से देखने और फोन पर बातचीत करने दिया जाता है। जहां उन्हें रखा जाता है, वहां विशेष सावधानी रखी जाती है कि ऐसी कोई वस्तु न हो, जिसका वे हथियार के रूप में इस्तेमाल कर सकें। फिर सवाल है कि कैसे उन्नीस दिन पहले धारदार इस्पात से एक बदमाश को मार डाला गया और अब लोहे की सरिया कैसे उपलब्ध हो गई, जिससे टिल्लू को मार डाला गया। फिर दो दुश्मन गुटों के बदमाशों को अलग जेलों में रखने पर विचार क्यों नहीं किया गया। जेल प्रशासन अपने बचाव में कई तर्क दे सकता है, मगर सुरक्षा में हुई इस चूक से एक बार फिर उसकी किरकिरी हुई है। जेलों में मोबाइल फोन पहुंच जाने और बदमाशों के वहीं से संगठित अपराध संचालित करने के भी कई उदाहरण हैं। जबकि आजकल जगह-जगह कैमरे लगे होते हैं और कैदियों पर कड़ी नजर रखी जाती है।

## ज्ञान-विज्ञान



# बादलों से गिरेंगे बैक्टीरिया जिनपर बेअसर होंगी दवाएं...क्या आफत लाएगी बारिश?

**कनाडा और फ्रांस के शोधकर्ताओं की एक टीम के लिए, क्षितिज के काले बादल इसलिए अशुभ नहीं हैं क्योंकि वे आने वाले तूफान का संकेत देते हैं, बल्कि इसलिए अशुभ हैं क्योंकि हाल ही में एक शोध में यह दावा किया गया है कि ये बादल दवा प्रतिरोधी बैक्टीरिया (Drug-resistant bacteria) को दूर-दूर तक ले जा सकते हैं. ये ऐसे बैक्टीरिया हैं जिनपर दवाओं का कोई असर नहीं होता.**

शोध के मुख्य लेखक फ्लोरेंट रॉसी (Florent Rossi) का कहना है कि ये बैक्टीरिया आमतौर पर पत्तियों या मिट्टी की सतह पर रहते हैं. उन्होंने बताया कि हवा से ये वायुमंडल में जाते हैं और बादलों में रहकर पूरी दुनिया में कहीं भी जा सकते हैं. साइंस ऑफ द टोटल एनवायरनमेंट जर्नल में प्रकाशित शोध के मुताबिक, शोधकर्ताओं ने बादलों के नमूनों में पाए जाने वाले बैक्टीरिया से एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी जीन की खोज की है.

सितंबर 2019 और अक्टूबर 2021 के बीच, मध्य फ्रांस में एक सोए हुए ज्वालामुखी, पुए डे डोम समिट (Puy de Dome summit) के ऊपर समुद्र तल से 4,806 फीट ऊपर स्थित एक एट्मॉस्फियरिक रिसर्च स्टेशन से नमूने लिए गए थे. इन नमूनों की जांच से पता चला कि क्लाउड वाटर के हर मिली लीटर में 330 से 30,000 से ज़्यादा बैक्टीरिया मिले थे, यानी औसतन हर मिलीलीटर में करीब 8,000 बैक्टीरिया. उन्हें बैक्टीरिया में एंटीबायोटिक प्रतिरोधी जीन के 29 सबटाइप्स भी मिले.

दवा प्रतिरोध तब होता है जब बैक्टीरिया एंटीबायोटिक दवाओं के संपर्क में आते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी उनके प्रति प्रतिरोधक क्षमता विकसित करते हैं.

स्वास्थ्य अधिकारियों ने हमेशा चेतावनी दी है कि ये अडैप्टेशन्स दुनिया भर में चिंता का विषय हैं, जिससे कुछ जीवाणु संक्रमणों का इलाज करना कठिन हो रहा है, तो कुछ मामलों में असंभव भी, क्योंकि एंटीबायोटिक्स का इस्तेमाल इलाज और कृषि में बढ़ रहा है.

शोध में एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी बैक्टीरिया के वातावरण में प्रसार से होने वाले संभावित स्वास्थ्य प्रभावों पर कोई जानकारी नहीं दी गई है. बल्कि यह अनुमान लगाया गया है कि सिर्फ 5 प्रतिशत से 50 प्रतिशत जीव ही जीवित और संभावित रूप से सक्रिय रह सकते हैं. लेकिन रॉसी का कहना है कि खतरा कम हो सकता है.

उन्होंने समझाया कि बैक्टीरिया के लिए वातावरण बहुत तनावपूर्ण है, और हमें जो बैक्टीरिया मिले हैं उनमें से ज़्यादातर पर्यावरणीय बैक्टीरिया थे, जिनके मनुष्यों के लिए हानिकारक होने की संभावना कम है, इसलिए लोगों को बारिश में भीगने से डरना नहीं चाहिए.

उन्होंने यह भी कहा कि अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि वे जीन, अन्य बैक्टीरिया में ट्रांस्मिट होंगे या नहीं. लेकिन एटेमॉस्फियरिक मॉनिटरिंग से ड्रग प्रतिरोधी बैक्टीरिया के स्रोतों का पता चल सकता है, ताकि उनके प्रसार को सीमित किया जा सके.



## Highlights

1. Exclusive offers from Samsung, Apple & more on Big Saving Days: Flipkart
2. Biased & motivated: India on US report alleging religious freedom violations
3. Sports Minister tried to suppress issue of sexual harassment of wrestlers: Vinesh
4. Russia reacts to Ukraine's Goddess Kali cartoon, says 'Ukraine doesn't care about any beliefs'
5. Now, no investment worries, just #CherryAndChill: Cherry by Kotak

# Amid Go First bankruptcy, SpiceJet plans to revive 25 grounded aircraft




**NEW DEIHI, (Agency).** SpiceJet has mobilised its plan to revive 25 grounded aircraft, the airline said on Wednesday. Funds for the revival will be drawn from the government's Emergency Credit Line Guarantee Scheme (ECLGS) and better cash accruals, it said in a statement.

"The airline has already mobilised around ₹400 crore towards getting its grounded fleet back in the air, which will further enhance its top-line," SpiceJet said.

Chairman and managing director of SpiceJet Ajay Singh said the airline is "meticulously working" towards resuming the service of its grounded fleet.

"Majority of the ECLGS funding received by the airline would be utilized for the same, which will help us capitalise and make the most of the upcoming peak travel season," he said.

Meanwhile, Go First has filed for voluntary insolvency resolution proceedings before the National Company Law Tribunal (NCLT). The low-cost airline will temporarily halt operations on May 3 and May 4, CEO Kaushik Khona said.

After Go First filed for bankruptcy blaming jet engine maker Pratt & Whitney (P&W) for grounding half of its fleet, the US aerospace major hit back stating that the budget airline has a "lengthy history of missing its financial obligations."

A source at P&W told new agency ANI that the budget airline has a lengthy history of missing its financial obligations to Pratt & Whitney.

In a statement, the US engine maker said it was "committed to the success of our airline customers, and we continue to prioritise delivery schedules for all customers. P&W is complying with the March 2023 arbitration ruling related to Go First. As this is now a matter of litigation, we will not comment further".

On Tuesday, Go First Airlines said that due to the non-supply of engines by Pratt & Whitney operations will remain cancelled.

# EPFO extends deadline to apply for higher pension till June 26



**NEW DEIHI, (Agency).** Employees' Provident Fund Organisation (EPFO) on Tuesday extended the date for filing applications to opt for a higher pension till June 26, 2023.

According to the statement by the ministry of Labour and Employment, the timeline for filing applications has been extended in order to provide a larger window of opportunity and in order to enable all eligible persons to file their applications.

"The EPFO (Employees' Provident Fund Organisation) has made arrangements for obtaining applications for validation of option/ joint option from pensioners/members as per the Supreme Court order on November 4, 2022," the statement said.

To facilitate the process, an online facility was made available. Over 12 lakh applications were received till date. The online facility was to remain available till May 3, 2023.

Meanwhile, many representations have been received from various quarters seeking extension of time. To enable to provide a larger window of opportunity and enable all eligible persons to file their applications, the issue has been considered and the deadline for filing applications would now be till June 26, 2023, said the ministry statement.

Karnataka

# बजरंग दल पर प्रतिबंध के कांग्रेस के वादे पर गरमाई सियासत, सड़कों पर उतरने की तैयारी में हिंदू संगठन

**बेंगलुरु, एजेंसी** कर्नाटक चुनाव के लिए मंगलवार को जारी कांग्रेस के घोषणापत्र में विश्व हिंदू परिषद की युवा ईकाई बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में कहा गया है कि वो सभी संगठन, जो जाति और धर्म के आधार पर समुदायों में नफरत और दुश्मनी फैलाते हैं, उन्हें प्रतिबंधित किया जाएगा। कांग्रेस के इस वादे से सियासत गरमा गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसे लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। कर्नाटक में भाजपा के लिए चुनाव प्रचार कर रहे असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने



भी कांग्रेस के इस वादे को मुस्लिम मतदाताओं का तुष्टिकरण करने की कोशिश बताया है। कांग्रेस के बजरंग दल पर बैन लगाने के वादे पर बजरंग दल ने विरोध शुरू कर दिया है। इसी विरोध के तहत बजरंग दल आज राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विरोध प्रदर्शन करेगा। साथ ही कर्नाटक में भी जगह-जगह बजरंग दल से जुड़े लोग कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान हनुमान चालीसा का पाठ भी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। इन विरोध प्रदर्शनों में बड़ी संख्या में बजरंग दल कार्यकर्ताओं और समर्थकों के शामिल होने का अनुमान है। बजरंग दल पर बैन लगाने के कांग्रेस के वादे पर प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को तीखा हमला बोला। प्रधानमंत्री ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'पहले कांग्रेस ने भगवान राम को ताले में बंद किया।

Uttarpradesh

## अयोध्या में रामलला के पुजारी और सेवादारों को मिला बड़ा तोहफा

# मंदिर ट्रस्ट ने डबल कर दी सैलरी



**अयोध्या, एजेंसी श्रीराम जन्मभूमि के गर्भगृह में रामलला अब विराजने ही वाले हैं. इससे पहले उनके पुजारियों और कर्मचारियों के साथ सेवादारों को बड़ा तोहफा मिला है. श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने पुजारियों और कर्मचारियों का पारिश्रमिक वेतन लगभग दोगुना कर दिया है. बता दें कि कोर्ट के फैसले से पहले अयोध्या में स्थल पर किसी भी कार्य को करने के लिए सुप्रीम कोर्ट से परमिशन लेनी पड़ती थी, लेकिन ट्रस्ट बनने के बाद व्यवस्थाएं बदल गईं थीं.**

पहले रामलला के अस्थाई मंदिर में भोग राग, पूजा पाठ के साथ स्ट्रक्चर में किसी भी तरह के बदलाव के लिए अनुमति जरूरी थी. तत्कालीन फैजाबाद (अब अयोध्या) मंडल के मंडलायुक्त को सुप्रीम कोर्ट की ओर से परिसर का रिसीवर बनाया गया था. इसी के साथ प्रशासन की तरफ से एक मजिस्ट्रेट नियुक्त था, जो मंदिर के चढ़ावे पर नजर रखता था. उसे काउंटिंग कराकर बैंक में जमा करा देता था. मंदिर के पुजारियों और कर्मचारियों का वेतन भी प्रशासन द्वारा तय किया गया था. इसमें भी किसी भी प्रकार के बदलाव के लिए सुप्रीम कोर्ट की अनुमति जरूरी थी.

Bihar

## भतीजे की हत्या के गवाह चाचा की ताबड़तोड़ गोलियों मारकर हत्या

**पटना, एजेंसी** राजधानी पटना के फुलवारीशरीफ में किराना दुकानदार और भतीजे की हत्या के गवाह ददन पाल की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना फुलवारीशरीफ थानांतर्गत पुर्णेंदुनगर मंदिर के नजदीक सोमवार की रात की है। करोड़ीचक निवासी ददन की बेटी की शादी 10 मई को होनी है। दरअसल, रात के वक्त ददन दुकान बंद कर रहे थे, तभी एक अपराधी चेहरे पर नकाब पहने वहां आ धमका। एक-एक कर अपराधी ने चार राउंड गोलियां दुकानदार पर चलाईं। ददन को पहली गोली हाथ में, दूसरी गर्दन और तीसरी सीने में लगी जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। गोली मारने के बाद अपराधी पैदल ही खोजा इमली की ओर फरार हो गया। हत्या की सूचना मिलते ही फुलवारीशरीफ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। परिजनों के मुताबिक, ददन भतीजे कुंदन की हत्या में गवाह था। आरोप है कि अन्य गवाहों को डराने के लिए ददन की हत्या की गई है। घटना के बाद पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की जांच की।

Jharkhand

## शादी से लौट रहा पिकअप वैन पलटा, 5 की मौत; 11 लोग गंभीर रूप से जख्मी

**गुमला, एजेंसी** झारखंड में भीषण सड़क हादसा हो गया। शादी से लौट रहे पिकअप वैन के पलटने से 5 लोगों की मौत हो गई। 11 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जाता है कि पिकअप वैन में क्षमता से ज्यादा लोग सवार थे। बारात से लौट रहे इस पिकअप वैन में कुल 55 लोगों के सवार होने की जानकारी सामने आ रही है। घायलों को गुमला सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना गुमला जिले की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गुमला के जरडा गांव के पास 55 लोगों से भरा पिकअप वैन पलट गया। हादसे में मौके पर ही 5 लोगों की मौत हो गई। दर्जन भर से ज्यादा लोग घायल हैं जिनमें 11 लोगों की हालत गंभीर है। बताया जाता है कि वाहन में सवार लोग डुमरी के सारंगडीह में लड़की की शादी करा कर वापस कटारी लौट रहे थे कि तभी हादसा हो गया।



खेल

# दिल्ली ने अपना सबसे कम स्कोर बचाया, लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की दूसरी हार, अमन-ईशांत चमके

**अहमदाबाद। आईपीएल 2023 के 44वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को पांच रन से हरा दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 130 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 125 रन बना सकी।**

### दिल्ली की पारी

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही थी। पहले छह ओवर में ही दिल्ली कैपिटल्स ने पांच विकेट गंवा दिए थे। यह इस सीजन पहली बार है जब किसी टीम ने पावरप्ले में पांच विकेट गंवा दिए। मोहम्मद शमी ने मैच की पहली ही गेंद पर गुजरात को सफलता दिलाई। उन्होंने फिलिप सॉल्ट को डेविड मिलर के हाथों कैच कराया। सॉल्ट खाता भी नहीं खोल सके और गोल्डन डक का शिकार हुए। इसके बाद दूसरे ओवर में कप्तान डेविड वॉर्नर रन आउट हो गए। पारी के तीसरे और अपने दूसरे ओवर में शमी ने राइली रूसो को आउट किया। रूसो छह गेंदों में आठ रन बना सके। इसके बाद अपने तीसरे ओवर में शमी ने मनीष पांडे और प्रियम गर्ग का विकेट लिया। मनीष एक रन और प्रियम 10 रन बना सके। 23 रन पर दिल्ली ने पांच विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद अक्षर पटेल ने अमन हकीम खान के साथ छठे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी निभाई। अक्षर पटेल को मोहित शर्मा ने पवेलियन भेजा। वह 30 गेंदों में 27 रन बना सके। इसके बाद अमन ने रिपल पटेल के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी निभाई। अमन ने 41 गेंदों पर आईपीएल करियर का पहला अर्धशतक लगाया। उन्होंने छक्के का साथ फिफ्टी पूरी की। अमन 44 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के की मदद से 51 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें राशिद खान ने पवेलियन भेजा। रिपल 13 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए। गुजरात की ओर से शमी ने चार ओवर में 11 रन देकर चार विकेट लिए। इस दौरान उनकी इकॉनमी रेट 2.80 की रही। मोहित शर्मा ने दो विकेट लिए। वहीं, राशिद खान ने एक विकेट लिया।



### गुजरात की पारी

131 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात की शुरुआत भी खराब रही थी। शून्य पर टीम ने ऋद्धिमान साहा के रूप में पहला विकेट गंवा दिया था। साहा खाता भी नहीं खोल सके। इसके बाद दो इनफॉर्म बल्लेबाज शुभमन गिल छह रन और विजय शंकर छह रन बनाकर आउट हुए। डेविड मिलर खाता भी नहीं खोल सके। हार्दिक पांड्या और अभिनव मनोहर ने पांचवें विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी निभाई। मनोहर 26 रन और राहुल तेवतिया 20 रन बनाकर आउट हुए। मनोहर ने अपनी पारी में एक छक्का और तेवतिया ने अपनी पारी में तीन छक्के लगाए।

सिनेमा

## PS2 के गाने वीरा-वीरा को लेकर विवाद, ध्रुपद सिंगर ने लगाया कंपोजिशन चुराने का आरोप



फिल्म Ponniyin Selvan 2 का गाना 'वीरा-वीरा' रिलीज के चंद दिनों के भीतर ही विवादों में आ गया है। दिल्ली के रहने वाले ध्रुपद सिंगर उस्ताद वसीफुद्दीन डागर ने आरोप लगाया है कि फिल्म के सॉन्ग 'वीरा वीरा' की धुन बिलकुल वैसी है जैसी उनके पिता द्वारा शिव स्तुति गाई गई है। ए आर रहमान ने 'वीरा वीरा' सॉन्ग को कंपोज किया है और इसे गाया है शंकर महादेवन, केएस चित्रा और हरिनी ने। चलिए जानते हैं क्या है पूरा मामला और इस गाने पर विवाद की मूल वजह क्या है। उस्ताद वसीफुद्दीन ने आरोप लगाते हुए कहा, 'इसे बिलकुल उसी तरह उठाया गया है जैसे मेरे पिता और चाचा ने शिव स्तुति गाई थी।' वसीफुद्दीन के मुताबिक शिव स्तुति पहली बार 1978 में हॉलैंड फेस्टिवल के पार्ट के तौर पर रिकॉर्ड की गई थी। तब हॉलैंड फेस्टिवल में जूनियर डागर ब्रदर्स एम्स्टर्डम में रॉयल ट्रॉपिकल इंस्टीट्यूट में एक लाइव कॉन्सर्ट में थे। रिकॉर्डिंग 1978 में मैग्नेटिक टेप ऑडियो रिकॉर्डिंग की गई थी और 1996 में रॉयल ट्रॉपिकल इंस्टीट्यूट द्वारा दो सीडी के सेट के रूप में फिर से जारी की गई थी। वसीफुद्दीन ने कहा, 'काश मद्रास टॉकीज और मिस्टर रहमान ने मेरे परिवार से इजाजत ली होती। मैं कभी भी उन्हें ना नहीं कहता। लेकिन अपने आर्थिक फायदे के लिए इस तरह की चीजें करना बहुत गलत है। इस कंपोजिशन को बिलकुल तांडव वाले अंदाज में उठाया और गाया गया है। फर्क सिर्फ हिस्सों के अरेंजमेंट का है।'

# सड़क हादसे में भाजपा नेता के भाई की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भाजपा के एक युवा नेता के बाइक सवार भाई की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चालक ने बिना इंडिकेटर दिए ट्रक मोड़ा जिससे पीछे आ रहा युवक उसमें घुस गया और उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया था लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।**

नेमावर रोड पर यह हादसा मंगलवार की रात को हुआ। प्रभु तौल कांटा के पास हुए एक्सीडेंट में युवक जय अग्निहोत्री की दर्दनाक मौत हो गई। 23 साल के जय के भाई अजय अग्निहोत्री भाजयुमो के सहकोषाध्यक्ष हैं। जय घर की ओर आ रहा था तभी ये हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि ट्रक के ड्राइवर ने बिना इंडिकेटर दिए ट्रक को मोड़ दिया। इससे पीछे पीछे आ रहा जय बाइक समेत ट्रक में जा घुसा और बुरी तरह कुचल गया।

पुलिस ने बताया कि नेमावर रोड से जय अपने घर तुलसीनगर जा रहा था। वह बाइक पर था तभी रास्ते में आगे जा रहा ट्रक मुड़ गया। बाइक के साथ जय ट्रक में जा घुसा। उसे तत्काल पास के एक अस्पताल ले जाया गया जहां से एमवाय अस्पताल ले गए लेकिन उसकी सांसें थम गईं। ट्रक ड्राइवर ने बिना इंडिकेटर दिए ट्रक को मोड़ दिया था जिसके कारण यह हादसा हुआ। जय की मौत के बाद से ही परिजनों का विलाप रुक नहीं रहा है। जय ने इसी साल एमबीए किया था और परिवार के बिजनेस में हाथ बंटा रहा था।

# किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

● रात में पिता पानी पीने उठे तो फंदे पर लटके देखा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। परिवार में शादी थी। बड़ी बहन को विदा करने के बाद सब थककर सो गए थे। जिसके बाद देर रात उसके पिता ने बेटी को फंदे पर लटके देखा। वे देर रात पानी पीने के लिए उठे थे। परिवार के मुताबिक आत्महत्या के पीछे अभी कोई वजह सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

शिप्रा पुलिस के मुताबिक मृतका का नाम रानू (17) पुत्री तुलसीराम चौहडिया निवासी सुल्याखेड़ी है। चचेरे भाई राहुल के मुताबिक रानू को रात करीब पौने दो बजे पिता तुलसीराम ने फंदे पर लटके देखा था। उसके बाद वह उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रानू तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर की थी। वहीं 11वीं क्लास में पढ़ाई कर रही थी। रानू के पिता पेशे से किसान हैं। अभी नाबालिग के पास से किसी तरह का सुसाइड नोट नही मिला है। मामले में परिवार के बयान के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# नकली एसआई बन रचाई शादी, केस दर्ज

## नारकोटिक्स विभाग ने युवक पर दर्ज कराया प्रकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नारकोटिक्स डिपार्टमेंट का फर्जी कार्ड बनाकर शादी करने वाले युवक पर एफआईआर दर्ज हुई है। इसी कार्ड को दिखाकर छत्तीसगढ़ में रहने वाले एक व्यक्ति ने वहीं रहने वाली महिला से शादी रचा ली। जब पत्नी को शक हुआ तो उसने इंदौर के नारकोटिक्स विभाग से पड़ताल की। विभाग ने इस नकली कार्ड बनवाने के मामले में युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।**

लसूडिया पुलिस के मुताबिक नारकोटिक्स के अधिसूचना अफसर देवेन्द्र राजपूत की शिकायत पर इंद्रनाथ पुत्र गोविंदराम जाड़ी निवासी जशपुर छत्तीसगढ़ के खिलाफ धोखाधड़ी करने के मामले में केस दर्ज किया गया है। अफसर देवेन्द्र राजपूत ने बताया कि इंद्रनाथ ने रोहित लाकडा के नाम से नारकोटिक्स डिपार्टमेंट में एसआई का फर्जी कार्ड बनाया। इसे दिखाकर उसने छत्तीसगढ़ में रहने वाली अनिता नाम की महिला से शादी रचा ली।

मामले में अनिता ने कार्ड की जानकारी और एक लेटर देकर जानकारी मांगी गई। शंका होने के बाद मामले में पीडिता के इंदौर नारकोटिक्स डिपार्टमेंट से उसकी जानकारी निकाली। जब विभाग को पता चला कि ये कार्ड फर्जी है तो विभाग ने लसूडिया पुलिस थाना में इंद्रनाथ के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

# चोरल डेम में दो बच्चे डूबे, मौत

## नहाते-नहाते किनारे से 10 फुट आगे गहरे पानी में पहुंचे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बड़गोंदा थाना क्षेत्र में आने वाले पर्यटक स्थल चोरल डेम में महू के दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। दोनों ही नाबालिगों की उम्र 16 साल है। सूचना लगते ही ग्रामीण और यहां मौजूद लोग डेम में पहुंचे। उन्होंने बड़ी मुश्किल से दोनों नाबालिगों के शव को बाहर निकाला।**

जानकारी के अनुसार डूबने वाले में अनस पिता युसुब कुरेशी उम्र 16 निवासी वेध कालोनी महू और शाकिब पिता साविर खान उम्र 16 निवासी जयपुर राजस्थान है। डूबने वाले दोनों ही नाबालिग आपस में रिश्तेदार हैं। घटना 2 बजे करीब की बताई जा रही है। दोनों के शव को डेम से निकालकर सिविल अस्पताल पीएम के लिए भेजा। गोताखोर लाल सिंह ने बताया कि दोनों ही नाबालिग उनके अन्य दोस्तों के साथ डेम पर पहुंचे थे। इस दौरान दोनों नहाने लगे, इस दौरान नहाते-नहाते किनारे से 10 फुट आगे निकल गए। दोनों ही गहरे पानी में पहुंच गए। घटना की जानकारी लगते ही नाबालिगों के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। काफी प्रयास के बाद दोनों को डेम से बाहर निकाला गया।

# शादी का झांसा देकर युवती की अस्मत लूटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शादी का झांसा देकर भी युवती और नाबलिक की अस्मत लूटने के मामलों में पुलिस ने केस दर्ज किए हैं।**

लसूडिया पुलिस ने न्यू देवास नाका के पास रहने वाली 29 वर्षीय महिला की रिपोर्ट पर अक्षय पिता जानकीलाल 26 साल निवासी जावरा के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी अक्षय ने शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ रेप किया जब वह गर्भवती हो गई तो उसने काढ़ा पिलाकर



गर्भपात करवा दिया। इसी बीच पीडिता को पता चला कि अक्षय का अन्य लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा है उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की और शादी करने से इनकार कर दिया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। वही पिपलिया कुमार काकड़ में रहने वाली 16 वर्षीय नाबलिक ने पुलिस को बताया कि क्षेत्र में रहने वाले बादल पिता मुकेश सिंगारे उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। बादल ने शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ रेप किया। पीडिता ने शादी का दबाव बनाया तो उसके साथ मारपीट की और शादी करने से इनकार कर दिया। आरोपी के खिलाफ धारा 376 और 506 कंपॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### वृद्धा की अस्मत से किया खिलवाड़

इसी प्रकार लसूडिया थानांर्गत न्यू लोहा मंडी क्षेत्र में रहने वाली 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने पुलिस को बताया कि वहां रात्रि में घर में सो रही थी तभी क्षेत्र में रहने वाला राजेश पिता रामेश्वर पासवान (26 )घर में घुस आया और मेरा मुंह दबा दिया फिर थप्पड़ मार कर बोला कि अगर आवाज की तो गला दबाकर हत्या कर दूंगा मैं डर गई इसके बाद आरोपी ने रेप किया और धमकी देकर भाग गया। आरोपी के खिलाफ धारा 376 323 377 और 506 का केस दर्ज किया है।

## काम के दौरान बिगड़ी तबियत, कर्मचारी की संदिग्ध मौत

**इंदौर।** एआईसीटीएसएल परिसर में बुधवार सुबह एक कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। बताया जाता है कि सुबह काम के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ी थी। अफसरों ने बेटे को सूचना देकर बुलाया। तब बेटा एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां डॉक्टरो ने कर्मचारी को मृत घोषित कर दिया। संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक घटना एआईसीटीएसएल परिसर की है। यहां रईस (50) पिता अब्दुल सकुर बसों को वॉश करने का काम करता है। बुधवार सुबह उसकी अचानक तबीयत बिगडऩे लगी। कंपनी ने बेटे शाहनवाज को सूचना दी। जिसके बाद रईस को वह अस्पताल लेकर पहुंचा था। पुलिस के मुताबिक रईस की मौत की स्पष्ट वजह पीएम रिपोर्ट के बाद पता चलेगी। शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

sponcership




Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।